प्रादेशिक समाचार
दिनांक–01.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

1. 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के चुनाव के लिए नाम वापसी का आज आखिरी दिन, इस चरण के लिए छह सौ चौंतीस उम्मीदवारों ने भरा नामांकन।
2. भाजपा के वरिष्ट नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 4 नवंबर को गढ़वा और चाईबासा से करेंगे चुनावी अभियान की शुरुआत।
3. इंडी गठबंधन के शीर्ष नेताओं ने भी संभाली कमान, आज रांची आएंगे केसी वेणुगोपाल, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और लालू यादव का भी जल्द दौरा प्रस्तावित।
4. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– भारत एक राष्ट्र–एक नागरिक संहिता की ओर बढ़ रहा, यह धर्म निरपेक्ष नागरिक संहिता होगी।
5. बोकारो में पटाखा दुकानों में लगी भीषण आग, दो दर्जन से अधिक दुकानें जलकर राख।

और अब समाचार विस्तार से।

**************

20 नवंबर को होने वाले झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए उम्मीदवारों के नाम वापस लेने का आज अंतिम दिन है। इस चरण के लिए 6 सौ 34 उम्मीदवारों ने नामांकन भरा था। दूसरे चरण के चुनाव में 38 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा, जबकि 13 नवम्बर को पहले चरण में 43 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान होगा। पहले चरण में नामांकन वापस लेने के बाद कुल 685 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। मतों की गिनती 23 नवम्बर को होगी।

**************

झारखंड विधान सभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों का दौरा शुरु हो रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार नवंबर को चाईबासा और गढ़वा में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। झारखंड भाजपा चुनाव सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने गढ़वा में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। श्री सरमा ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री 4 नवंबर को 11 बजे गढ़वा आएंगे और यहां जनसभा के साथ झारखंड में विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करेंगे।
साउंड बाइट– सभा हिमंता, गढ़वा , 23 .सेकेंड
हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनने पर सभी बांग्लादेशी घुसपैठियों को कानून के रास्ते से बाहर किया जाएगा।

**************

कांग्रेस की ओर से पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी की भी सभा होगी, वहीं झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राजद नेता तेजस्वी यादव भी मोर्चा संभालेंगे। आजसू पार्टी, जदयू, लोजपा रामविलास और वामदल भी प्रचार में अपना दम दिखाएंगे। इधर कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल आज रांची आएंगे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि श्री वेणुगोपाल चुनाव को लेकर नियुक्त पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

इधर राजद के वरिस्ट नेता तेजस्वी यादव ने दावा किया है कि इस बार झारखंड विधानसभा चुनाव में महागठबंधन को बड़ी सफलता मिलेगी।

**************

भाजपा के वरिष्ठ नेता सह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह तीन नवंबर को घाटशिला, सिमरिया और बरकट्ठा में हुंकार भरेंगे। भाजपा के प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा आज कोडरमा के मरकच्चो प्रखंड में भाजपा प्रत्याशी डॉ नीरा यादव के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे।

**************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत एक राष्ट्र–एक नागरिक संहिता की ओर बढ़ रहा है। यह धर्म निरपेक्ष नागरिक संहिता होगी। गुजरात में राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि धर्म निरपेक्ष नागरिक संहिता से भेदभाव समाप्त होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक राष्ट्र– एक पहचान–आधार की सफलता हमारे सामने हैं और यह विश्व के लिए भी चर्चा का विषय है। उन्होंने कहा कि पहले भारत में भिन्न्–भिन्न कर प्रणालियां थीं लेकिन सरकार ने एक राष्ट्र–एक कर प्रणाली–जीएसटी लागू किया।

***************

रांची के एक युवा ने अपने हुनर और कौशल के जरिए स्वरोजगार से आत्मनिर्भरता की राह बनायी है। इसके साथ वे आज कई लोगों को भी रोजगार दे रहे हैं।

***************

सरायकेला–खरसावां जिले के गम्हरिया थाना क्षेत्र से बीती रात उत्पाद विभाग की टीम ने भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की है। छापामारी के दौरान दो वाहनों से शराब जब्त की गई। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

***************

बोकारो के चास स्थित गरगा पुल के निकट आग लगने से दो दर्जन से ज्यादा पटाखों की अस्थाई दुकान जल कर राख हो गईं। आग पर काबू पाने में दमकल की दो गाड़ियां बुलानी पड़ी। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि किसी के हताहत होने की खबर नहीं है लेकिन लाखों रुपए के पटाखे जल कर राख हो गए। आग लगने के कारण का अभी तक पता नहीं चल सका है।

***************

दीपावली और छठ पर्व को लेकर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे द्वारा बड़ी संख्या में कई विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन किया जा रहा है। रेलवे ने एक और स्पेशल ट्रेन की शुरुआत की है, जिसका परिचालन तीन और दस नवंबर को रांची होते हुए काचीगुड़ा से दरभंगा तक होगा। वापसी में यह ट्रेन 5 और 12 नवंबर को दरभंगा से प्रस्थान करेगी तथा 6 और 13 नवंबर को इसका रांची आगमन होगा। टाटानगर के एरिया रेल मैनेजर अभिषेक सिंघल ने बताया कि छठ महापर्व को देखते हुए टाटानगर से बक्सर और कटिहार के लिए दो विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन किया जाएगा।

***************

और अब अखबारों की वेबसाइट सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों की वेबसाइट ने चुनावी गतिविधियों की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया ळें

प्रभात खबर के शब्द हैं– झारखंड चुनाव में 4 नवंबर को होगी पीएम मोदी की एंट्री, गढ़वा से भरेंगे हुंकार
दैनिक भास्कर ने लिखा है– असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा बोले– कांग्रेस ने हटाया सरना कोड, हम फिर लागू करेंगे।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– झारखंड चुनाव में अबतक 121.14 करोड़ के अवैध सामान और नगद जब्त।

दैनिक जागरण ने लिखा है– मनोहरपुर विधानसभा में उलटफेर, दिग्गज नेता ने नामांकन लिया वापस।

*****************